26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 20 जुलाई , 2026

अंक- 266 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बेरीकेड लांघकर संसद भवन के करीब पहुंचे कॉकरोच


## प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

## संसद भवन के गेट बंद किए गए



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। जेन जी जिन्हें कॉकरोच कहा गया, ने आज सरकार को अपने साहस, संघर्ष और जज्बे का अहसास कराया। पुलिस द्वारा लगाये गये तमाम बाधाएं पार करते हुए और पुलिस की लाठियां खाते हुए कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता व हजारों युवा व छात्र जंतर-मंतर से संसद भवन के करीब तक पहुंच गये।

नीट पेपर लीक मामले और देश में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन आज बहुत उग्र हो गया। हालांकि युवाओं और छात्रों ने संयम बरता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अहिंसा की ताकत दिखाई। संसद मार्च के बीच अभिजीत कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख दिपके ने ढाई दिन बाद अपना अनशन खत्म कर दिया। इसके साथ ही पार्टी प्रवक्ता सौरभ दास ने दावा किया है कि सरकार की ओर से जेपी नड्डा उनसे बात करने के लिए सहमत हो गए हैं। संसद मार्च के समर्थन में देश भर से छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी और उनके पेरेंट्स 19 जुलाई की शाम से ही दिल्ली के जंतर-मंतर पर जुटने शुरू हो गए थे। संसद के मॉनसून सत्र के बीच इस बड़े आंदोलन को देखते हुए दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए जंतर-मंतर, पार्लियामेंट स्ट्रीट, सेंट्रल विस्टा, कनॉट प्लेस और शंकर चौक जैसे स्थानों पर थ्री-टियर सुरक्षा ग्रिड बनाया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस के जवानों की दो परतें और पैरामिलिट्री फोर्स की एक परत शामिल है। प्रदर्शन के दौरान युवाओं की सुरक्षाबलों के साथ तीखी नोक-झोंक भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। लेकिन नौजवानों ने पुलिस तथा सुरक्षाबलों के सभी प्रयासों को विफल करते हुए संसद भवन के पास तक पहुंचने में सफलता प्राप्त कर ली। इस दौरान माहौल अफरा-तफरी का रहा। स्थिति यह है कि संसद भवन का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर युवाओं को खदेड़ने का प्रयास किया। कई युवाओं को हिरासत में भी लिया गया है। स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। जो मेन स्ट्रीम मीडिया कल तक जंतर-मंतर के नाम से भी परहेज कर रहा था, आज पूरा अमला कवरेज करने में लगा रहा। नगीना सांसद चंद्रशेखर भी प्रदर्शन में शामिल हुये। वह कल रात ही जंतर-मंतर पहुंच गये थे। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, संजय सिंह भी पहुंचे। समाजवादी पार्टी के सांसदों ने भी युवाओं की मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।












# कभी नांगल के मुख्य बाज़ार में था बस स्टैंड

**यादों के झरोखे से...**

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल सोती का बस स्टैंड पिछले कुछ दशक से भले ही मंडावली-बिजनौर मार्ग पर स्थित हो, लेकिन सन् 1970 के आसपास तक यह बस स्टैंड मुख्य बाजार में हुआ करता था। तब रोडवेज बसों के टिकट एक दुकान में स्थित कार्यालय / काउंटर से बनते थे। टिकट बनवाने को यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ती थी। आज की पीढ़ी यही जानती है कि स्थानीय बस स्टैंड पहले से ही मेन रोड पर स्थित है। लेकिन यह बस स्टैंड कभी मुख्य बाजार में पुलिया के पास हुआ करता था। रोडवेज बस और टेम्पो यहीं से आया-जाया करते थे। उस समय यही आवागमन के साधन थे। पुलिया के आसपास ही रोडवेज बसें तथा टेम्पो खड़े रहते थे। छोटी दूरी की यात्रा के लिये घोड़ा-बुग्गी भी तब आवागमन का साधन हुआ करती थीं और घोड़ा-बुग्गी भी यहीं एक तरफ खड़ी हुआ करती थीं। तब रोडवेज बसों के टिकट बनाने के लिये कार्यालय / काउंटर बना हुआ था, जो राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज की एक दुकान में स्थापित था। टिकट लेकर ही लोग रोडवेज बस में सवार होते थे। नांगल निवासी पं. सतीश शर्मा बताते हैं कि सन् 1970 के आसपास तक बस स्टैंड मुख्य बाजार में पुलिया के पास ही हुआ करता था। दशकों से बस स्टैंड यहीं पर स्थापित था। उसके बाद बस स्टैंड मंडावली-बिजनौर रोड पर चला गया। लेकिन बाजार वाले लोगों की सिफारिश पर बस स्टैंड कई बार फिर मुख्य बाजार में आया। एक बार अस्थायी बस स्टैंड ग्राम खानपुर में माढ़ी स्थल पर भी रहा। कुछ दिनों तक कभी बस स्टैंड मेन रोड पर चला जाता था, तो कभी मुख्य बाजार में आ जाता था। पं. सतीश शर्मा बताते हैं कि सन् 1975 के आसपास स्थानीय बस स्टैंड स्थायी रूप से मेन रोड पर ही चला गया था। आज भी बस स्टैंड वहीं पर स्थित है।

## राशन की दो दुकानों का लाटरी से होगा चयन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पूर्ति निरीक्षक नजीबाबाद ने बताया कि राशन की दुकान के लिए उचित दर विक्रेता का चयन हेतु रिक्त ग्राम पंचायत सिकंदरपुर बसी उर्फ गांगूवाला तथा मोटाढाक के आवेदन प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आंमत्रित किये गये थे। जिनका चयन लाटरी के माध्यम से 23 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे तहसील स्थित दुष्यंत सभागार में किया जाएगा। उन्होंने सभी आवेदकों से मूल अभिलेखों के साथ पहुंचने की अपील की।


**रस्म पगड़ी (तेरहवीं)**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता जी

**श्रीमती केलावती**

( पत्नी स्व. श्री रूपचंद )

का स्वर्गवास दिनांक 11 जुलाई 2026 को हो गया था। जिनकी रस्म पगड़ी ( तेरहवीं ) निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

दिनांक 23 जुलाई, बृहस्पतिवार

**स्थान- काकरान वाटिका, किरतपुर रोड, बिजनौर**

ब्रह्मभोज- दोपहर 12 बजे

रस्म पगड़ी- 2 बजे

शोकाकुल परिवार- चंद्रपाल, विजयपाल, राजकुमार, कुलदीप ( पुत्रगण )

एवं समस्त परिजन सगे सम्बंधी आदि। मो. 9837259687


## रात के अंधेरे पर भारी पड़ी आस्था, मेले में उमड़ी भीड़



**गंज ( चिंगारी )।** क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम सिकंदरपुर में प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास के प्रत्येक सोमवार को लगने वाला गौरजा माता का मेला आज रात में ही शुरू हो गया। यह सोमवार आषाढ़ मास का शुक्ल पक्ष होने के कारण माता के मंदिर पर रात 12 बजे के बाद से भक्तों ने प्रसाद चढ़ाना प्रारंभ कर दिया। लोगों की आस्था रात के अंधेरे पर भारी पड़ी। ब्रह्म मुहूर्त होते-होते मेले में भारी भीड़ हो गई। रात में ही जलेबी, पकौड़ी की बिक्री भी खूब हुई। चौपहियां वाहनों ने मंदिर पहुंचने वाले मार्गों पर जाम की स्थिति पैदा कर दी। लगभग एक किलोमीटर दूर चलकर श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचे। आमतौर पर मेले में सुबह भीड़ होती थी किन्तु आज सुबह लगभग 5 बजे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। रात के अंधेरे में जेब कतरों ने भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हरिओम कैशले पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल मौहल्ला रम्पुरा तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री पन्ना लाल पुत्र स्व. श्री कल्लू नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वसीयतनामा व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:- मौहल्ला रम्पुरा नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**


**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER　　कम डाउन पेमेंट　　कम ब्याज दर　　ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



**इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह**

**एथर का शोरूम**

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

बिजनौर सीट पर टिकट के लिये महाभारत ( पेज 5 )



# बुढ़ाना में बारिश का क़हर, मकान गिरने से एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** मूसलाधार बारिश गरीब परिवार के लिये जानलेवा साबित हुई। बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम हबीबपुर सीकरी में एक गरीब का कच्चा मकान गिर जाने से उसके परिवार के पांच लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में 4 मासूम बच्चे शामिल हैं।

रविवार की रात करीब 8 बजे गांव निवासी इस्लाम कस्सार का परिवार घर में खाना खा रहा था। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि पहले इस्लाम कस्सार के कच्चे मकान की साइड वाली दीवार गिरी और फिर कुछ ही देर में मकान की छत भरभराकर गिर गई। मलबे में इस्लाम कस्सार व उसके 4 बच्चे दब गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। गांव के सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गये। जब तक लोगों ने मलबा हटाया, तब तक इस्लाम कस्सार, उसके चार बच्चों अहद (5 वर्ष), रुखसार (14 वर्ष), अलशिफा (7 वर्ष) व जीशान (2 वर्ष) की मौत हो गई। मलबे में दबने से सुमेय्या (8 वर्ष), रुकय्या (6 वर्ष) व अन्य 3 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत होने से गांव में मातम पसर गया। घटना के तुरंत बाद लोगों ने अपने स्तर से मलबा हटाना शुरू कर दिया था। सूचना मिलते ही पुलिस जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मुजफ्फरनगर रैफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही फुगाना सीओ नरेंद्र यादव, बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक, एसडीएम सत्येंद्र कुमार, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, फुगाना थानाध्यक्ष और नायब तहसीलदार अमन सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सरकार से मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद और घायलों के समुचित इलाज की मांग की है।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक का चालान

**नगीना ( चिंगारी )। एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।**

सीओ राजेश सोलंकी ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पांच लोगों पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग स्थानों पर टीम भेजकर किशोरी को ढूंढने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ग्राम बिन्जाहेडी निवासी सुशांत को आंध्रप्रदेश से किशोरी के साथ ढूंढ निकाला। उन्होंने बताया कि किशोरी ने प्रारंभिक बयान में शादी कर लेने की बात कही है। हालांकि अदालत में किशोरी के बयान होने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक सुशांत का चालान कर दिया गया। उनका कहना है कि प्राथमिकी में अन्य जिन लोगों के नाम दर्ज हैं उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।




## चलती कार में अचानक आग लगी, अफरा-तफरी मची

**नगीना ( चिंगारी )।** रायपुर मार्ग पर चलती कार के बोनट में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कार के बोनट में अचानक आग की लपटें देखकर उसमें बैठे परिवार के सदस्यों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली निवासी एक व्यक्ति अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ रविवार सुबह करीब पांच बजे अपनी कार द्वारा ग्राम कोटकदार की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी कार रायपुर मार्ग पर प्राइवेट बस अड्डे के करीब पहुंची तो उन्हें कार के बोनट से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग की लपटें भी उठने लगीं तो कार के भीतर बैठे परिवार के सदस्यों ने तुरंत कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आसपास घूम रहे लोगों ने दमकल कर्मियों को सूचना देने से पहले पानी डालकर खुद आग बुझाने का प्रयास किया तो सफलता मिल गई। इस मामले में दमकल कर्मियों व पुलिस ने घटना की जानकारी होने से साफ इनकार किया है।

## मलेरिया के प्रति जागरूक किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** 'सेहत सही लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट एवं रामा एफएम 90.0 की टीम द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मंजूषा गुप्ता (मलेरिया अधिकारी) से संचारी रोगों पर विस्तृत एवं उपयोगी बातचीत की गई। उन्होंने मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोगों के कारण, लक्षण, बचाव के प्रभावी उपाय और समय पर उपचार के महत्व के बारे में सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। रामा एफएम कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा एवं रचना चौधरी ने बताया कि स्मार्ट एनजीओ एवं रामा एफएम 90.0 का उद्देश्य जन-जन तक सही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाकर एक जागरूक, स्वस्थ और संचारी रोग-मुक्त समाज का निर्माण करना है। मीडिया प्रभारी डॉ.रवीश कुमार ने बताया कि हम सभी मिलकर संचारी रोगों से बचाव करें।



भली लगे या बुरी ...

## असहमति का अवसान!

लोकतंत्र में अंधसमर्पण के लिए कोई स्थान नहीं होता। लेकिन इन दिनों अंधभक्ति चरम पर है। यहां तक कि मीडिया यानी प्रेस जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, वह भी अंधभक्ति में मगन है। हालांकि मीडिया ने अपनी यह दुर्दशा स्वयं बनायी है। यूं तो असहमति का अधिकार ही मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ बनाता है, जिसकी सुविधा हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19 ( ए ) के तहत सुरक्षित है, लेकिन पिछले लगभग एक दशक से मीडिया स्वयं असहमति के अधिकार का हनन कर रहा है। इस कारण मीडिया अनेक लांछन लगाये जा रहे हैं। यहां तक कि मीडिया के एक खास वर्ग को लोगों द्वारा खदेड़ा जाने लगा है।

प्रत्येक नागरिक को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्राप्त है। इस संवैधानिक सुरक्षा कवच के बावजूद वर्तमान शासन व्यवस्था में इस अधिकार के प्रभावी प्रयोग को कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन इसका ज्वलंत उदाहरण हैं। चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के नीचे धरना देना, यहां तक कि एक पुस्तकालय स्थापित करने को भी प्रशासन द्वारा उकसावा माना गया है। किताबें नष्ट कर दी जा रही हैं और प्रदर्शनों में शामिल छात्रों व अन्य प्रतिभागियों को पुलिसिया दमन का सामना करना पड़ा है।

लोकतंत्र में पुलिस तंत्र जनता की सेवा के लिए नियोजित होता है, जहां सरकार जनता की, जनता के द्वारा और जनता के लिए होती है। इसके बावजूद पुलिस का रवैया सरकार के निर्णयों से असहमत आम जनता को बेरहमी से दबाने में लगा हुआ है। नागरिकों को सरकार के किसी भी निर्णय का विरोध करने का पूर्ण अधिकार है, और यदि उन्हें इससे वंचित किया जाता है, तो यह संपूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था का अवसान होगा। वास्तव में अधिकारों के बिना इस देश के नागरिक केवल लोकतंत्र के मूक निर्माता बनकर रह जाएंगे।

# सोनम वांगचुक

## नवाचार, जनआंदोलन और जवाबदेही की कसौटी

भारतीय लोकतंत्र पहले भी ऐसे जनआंदोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने बाद में राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया। अन्ना हज़ारे के नेतृत्व में वर्ष 2011 का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन इसका प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उस आंदोलन से जुड़े कुछ प्रमुख चेहरे बाद में सक्रिय राजनीति में आए। इसी अनुभव के आधार पर आज कुछ लोग यह प्रश्न उठा रहे हैं कि क्या सोनम वांगचुक का आंदोलन भी भविष्य में किसी राजनीतिक परिवर्तन का आधार बन सकता है?



▶▶ प्रकाश पंकज हल्दौर

भारत में कुछ व्यक्तित्व अपने कार्यों के कारण केवल किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रहते, बल्कि राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं। सोनम वांगचुक ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और आइस स्तूप जैसी अभिनव तकनीक ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। वहीं हाल के वर्षों में लद्दाख के संवैधानिक अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय स्वशासन की मांगों को लेकर उनके आंदोलनों ने उन्हें राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है।

यहीं से कई महत्वपूर्ण प्रश्न जन्म लेते हैं। क्या एक सामाजिक सुधारक का आंदोलन अनजाने में राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन सकता है? क्या जनआंदोलन अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रख पाते हैं, या समय के साथ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम बन जाते हैं?

लोकतंत्र में किसी भी जनआंदोलन को राजनीतिक समर्थन मिलना असामान्य नहीं है। विभिन्न राजनीतिक दल और नेता समय-समय पर ऐसे आंदोलनों का समर्थन करते रहे हैं। सोनम वांगचुक के आंदोलनों को भी अलग-अलग विपक्षी दलों और नेताओं का समर्थन मिला है। किंतु राजनीतिक समर्थन और राजनीतिक नियंत्रण दो अलग-अलग बातें हैं। अब तक ऐसा कोई सार्वजनिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे यह सिद्ध हो कि सोनम वांगचुक किसी राजनीतिक दल के निर्देश पर कार्य कर रहे हैं।



फिर भी सार्वजनिक जीवन में केवल वास्तविकता ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक धारणा भी महत्वपूर्ण होती है। यदि किसी आंदोलन के साथ लगातार राजनीतिक मंच, दल या विचारधाराएं जुड़ती दिखाई दें, तो स्वाभाविक रूप से उसकी निष्पक्षता पर प्रश्न उठने लगते हैं। ऐसे प्रश्न किसी भी लोकतंत्र में अस्वाभाविक नहीं हैं।

सोनम वांगचुक का सामाजिक योगदान निर्विवाद रूप से महत्वपूर्ण रहा है। स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (सेकमोल) के माध्यम से शिक्षा सुधार, स्थानीय युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा तथा जल संरक्षण के लिए विकसित आइस स्तूप जैसी तकनीक उनके उल्लेखनीय कार्य हैं। इन उपलब्धियों के कारण उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं।

दूसरी ओर, सार्वजनिक जीवन में जितनी बड़ी प्रतिष्ठा मिलती है, उतनी ही बड़ी जवाबदेही भी आती है। पिछले वर्षों में उनकी संस्था सेकमोल का विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के अंतर्गत पंजीकरण रद्द किया गया तथा विदेशी अंशदान से जुड़े कथित उल्लंघनों की जांच शुरू हुई। सरकार ने इन कार्रवाइयों के पीछे कानूनी कारण बताए, जबकि सोनम वांगचुक ने इन्हें राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए आरोपों का खंडन किया। इन मामलों में अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है। इसलिए आरोप और सिद्ध तथ्य के बीच अंतर बनाए रखना आवश्यक है।

**उनकी प्रमुख मांगें-लद्दाख के लिए छठी अनुसूची का संरक्षण, राज्य का दर्जा, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधिकार-भारतीय संविधान की रूपरेखा के भीतर रखी गई मांगें हैं। इन पर सहमति या असहमति लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। समर्थकों का मानना है कि ये मांगें लद्दाख की संस्कृति, पर्यावरण और जनजातीय अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। वहीं आलोचकों का तर्क है कि लद्दाख की सामरिक संवेदनशीलता और विकास संबंधी आवश्यकताओं को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए।**

भारतीय लोकतंत्र पहले भी ऐसे जनआंदोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने बाद में राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया। अन्ना हज़ारे के नेतृत्व में वर्ष 2011 का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन इसका प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उस आंदोलन से जुड़े कुछ प्रमुख चेहरे बाद में सक्रिय राजनीति में आए। इसी अनुभव के आधार पर आज कुछ लोग यह प्रश्न उठा रहे हैं कि क्या सोनम वांगचुक का आंदोलन भी भविष्य में किसी राजनीतिक परिवर्तन का आधार बन सकता है?

इस प्रश्न का उत्तर आज किसी के पास नहीं है। वर्तमान में ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि सोनम वांगचुक सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं या उनका आंदोलन किसी राजनीतिक दल का विस्तार है। इसलिए ऐसी किसी संभावना को तथ्य के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा।

फिर भी, प्रत्येक जनआंदोलन की विश्वसनीयता उसकी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सभी राजनीतिक दलों से समान दूरी बनाए रखने में निहित होती है। यही किसी सामाजिक नेतृत्व की सबसे बड़ी नैतिक शक्ति भी है।

अंततः लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति या आंदोलन का मूल्यांकन समर्थकों और विरोधियों के दावों से नहीं, बल्कि तथ्यों, न्यायिक प्रक्रियाओं, संवैधानिक मर्यादाओं और उसके वास्तविक कार्यों के आधार पर होना चाहिए। सोनम वांगचुक के भविष्य के निर्णय ही यह स्पष्ट करेंगे कि उनका आंदोलन केवल जनहित का अभियान बना रहता है या आगे चलकर किसी व्यापक राजनीतिक दिशा की ओर बढ़ता है।

लोकतंत्र में प्रश्न उठाना आवश्यक है, लेकिन उत्तर केवल तथ्यों, पारदर्शिता और समय की कसौटी ही देते हैं।




# बिजनौर सीट पर टिकट के लिए 'महाभारत'

## हर दल में दावेदारों की लंबी कतार

## भाजपा में सबसे ज्यादा दावेदार, सपा में टिकट के लिए घमासान, बसपा की रणनीति पर टिकी निगाहें

-मरगूब रहमानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी समय हो, लेकिन बिजनौर विधानसभा सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने की चाह रखने वाले नेताओं ने अभी से टिकट की दौड़ शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा हलचल भाजपा और समाजवादी पार्टी में दिखाई दे रही है, जहां टिकट पाने के लिए कई दिग्गज पूरी ताकत झोंके हुए हैं। वहीं बसपा की रणनीति पर भी सबकी नज़रें टिकी हैं कि पार्टी किसी गठबंधन के साथ मैदान में उतरेगी या अकेले चुनाव लड़ेगी।

बिजनौर विधानसभा सीट का राजनीतिक इतिहास भाजपा के पक्ष में ज्यादा मजबूत रहा है। पिछले 10 विधानसभा चुनावों में भाजपा ने छह बार जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखा है। समाजवादी पार्टी इस सीट पर केवल एक बार वर्ष 2014 के उपचुनाव में ही जीत दर्ज कर सकी है। इसके बावजूद सपा में टिकट के लिए कई नेताओं के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है।

बसपा भी इस सीट पर दो बार जीत का स्वाद चख चुकी है। ऐसे में कई नेताओं की बसपा के टिकट पर भी निगाह है,लेकिन पार्टी की चुनावी रणनीति स्पष्ट न होने के कारण अधिकांश दावेदार फिलहाल खुलकर सामने आने से बच रहे हैं। आजाद समाज पार्टी से झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद और जितेंद्र राणा चुनावी तैयारी में जुटे हैं। वहीं राष्ट्रीय लोकदल से डॉ. नीरज भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, हालांकि गठबंधन की स्थिति में बिजनौर सीट रालोद के खाते में आने की संभावना कम मानी जा रही हैं। कांग्रेस में भी कई टिकट के दावेदार सक्रिय हैं, लेकिन गठबंधन होने पर यह सीट कांग्रेस को मिलने की संभावना बेहद कमजोर बताई जा रही है।

### कांटे की टक्कर और रिकॉर्ड जीत की रही गवाह

बिजनौर विधानसभा सीट कई ऐतिहासिक और रोमांचक मुकाबलों की गवाह रही है। वर्ष 1989 के चुनाव में जनता दल के चौ. सुखबीर सिंह ने बसपा के गजनफर अली खान को महज 556 वोटों से हराया था। सुखबीर सिंह को 34,957, जबकि गजनफर अली खान को 34,401 वोट मिले थे। वर्ष 2007 में भी बेहद करीबी मुकाबला देखने को मिला, जब बसपा के शहनवाज राना ने भाजपा के भारतेन्द्र सिंह को केवल 557 वोटों से पराजित किया।




फाइल

### करीब चार लाख वोटरों वाली सीट पर सबकी नजर

बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 92 हजार 744 मतदाता हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या मुस्लिम और दलित मतदाताओं की है, जो चुनावी नतीजों में निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। हाल ही में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिले में सबसे अधिक 59 हजार 16 वोट इसी विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए हैं, जिससे चुनावी समीकरणों पर असर पड़ना तय माना जा रहा है।

इसके विपरीत वर्ष 2017 में भाजपा की सुचि चौधरी ने रिकॉर्ड जीत दर्ज करते हुए सपा की रुचि वीरा को 27,281 वोटों के बड़े अंतर से हराया। यह पिछले कई चुनावों में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड था।

समाजवादी पार्टी को इस सीट पर अब तक केवल एक सफलता वर्ष 2014 के उपचुनाव में मिली, जब रुचि वीरा ने भाजपा के हेमेंद्रपाल सिंह को 11,567 वोटों से हराया था। उस चुनाव में बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था।

## 3.92 लाख वोटरों वाली सीट पर फिर दिलचस्प मुकाबले के आसार

### किसके नाम कितनी जीत?

बिजनौर सीट पर भाजपा ने 1991, 1993, 2002, 2012, 2017 और 2022 में जीत दर्ज की। बसपा ने 1996 और 2007 में जीत का परचम लहराया, जबकि कांग्रेस ने वर्ष 1985 में आखिरी बार यह सीट जीती थी। हालांकि इस सीट पर सर्वाधिक सात बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड अब भी कांग्रेस के नाम है।

### भाजपा में टिकट के लिए सबसे ज्यादा घमासान

भाजपा में टिकट के सबसे अधिक दावेदार मैदान में हैं। प्रमुख नामों में वर्तमान विधायक सुचि चौधरी, उनके पति मौसम चौधरी, पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह, सार्केद्र प्रताप सिंह, आरएसएस से जुड़े दुष्यंत कुमार, डॉ. मंजू चौधरी, कविता सिंह, रंजीत चौधरी और डॉ. बीरबल सिंह शामिल हैं। अब देखना होगा कि पार्टी संगठन आखिर किस चेहरे पर भरोसा जताता है।

### सपा में भी कई दिग्गज टिकट की दौड़ में

समाजवादी पार्टी में भी टिकट को लेकर जोरदार खींचतान शुरू हो चुकी है। टिकट के प्रमुख दावेदारों में डॉ. रमेश तोमर, राहुल सिंह, अनुज मलिक, स्वाति वीरा, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन और दीपक सैनी शामिल हैं। सभी संभावित प्रत्याशी क्षेत्र में सक्रिय होकर संगठन और जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं।

---

# स्योहारा के होनहार भाई-बहन ने रचा इतिहास

## शावेज अली और शहनीला ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन किया उत्तीर्ण





**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्योहारा क्षेत्र के मोहल्ला शेखान निवासी प्रतिभाशाली भाई-बहन शावेज अली एवं शहनील ने अपनी शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर दिया है। शनिवार, 18 जुलाई 2026 की शाम घोषित परीक्षा परिणाम में दोनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों, मित्रों तथा पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। परीक्षा परिणाम में शावेज अली ने 90 प्रतिशत तथा उनकी बहन शहनीला ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दोनों लोकमणि लॉ कॉलेज कादराबाद, स्योहारा के मेधावी छात्र-छात्रा हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह शानदार मुकाम हासिल किया। शावेज अली एवं शहनीला हाजी शहज़ाद अली के सुपुत्र एवं सुपुत्री हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों, मित्रों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने दोनों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न



**किरतपुर ( चिंगारी )।** एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष रवि मेहरा एडवोकेट, उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद आजम एडवोकेट एवं संयुक्त सचिव मोहम्मद रिजवान एडवोकेट को चुना गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एडवोकेट एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री एसके बबली एडवोकेट एवं निरंकार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता एडीजीसी गौरव अग्रवाल पूर्व एडीजीसी श्याम स्वरूप शर्मा किरतपुर एडवोकेट एसोसिएशन के संरक्षणगण श्री मुनाजिर हुसैन एडवोकेट साधना रस्तोगी, एडवोकेट केके राजपूत, एडवोकेट सुनील अग्रवाल, एडवोकेट मदनलाल ने नये पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट देकर एवं माला पहनकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उनसे आशा की गई अधिवक्ता हित को सुरक्षित रखेंगे एवं अधिवक्ताओं के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे।

# भारतीय महापौर परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने शहरी विकास मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

## शहरी विकास मुद्दों को सामने रखा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय महापौर परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट कर देशभर के महापौरों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं शहरी निकायों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत, अभिनंदन किया।

बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए महापौर उपस्थित रहे, जिनमें नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान भी शामिल रहे। उन्होंने ऋषिकेश नगर की विकास संबंधी आवश्यकताओं, तीर्थ एवं पर्यटन नगरी होने के कारण बढ़ते शहरी दबाव तथा नगर निगम को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यदि नगर निकायों को पर्याप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक सहयोग प्राप्त हो तो शहरों में विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जा सकती है तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा महापौरों की समस्याओं के समाधान एवं शहरी विकास कार्यों को गति देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। महापौर शंभू पासवान ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से ऋषिकेश सहित देश के सभी नगर निकायों में विकास कार्यों को नई दिशा एवं गति मिलेगी तथा शहरी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य को और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

## पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम धनौरी कुंवर में वन विभाग द्वारा लगाए गये पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया। दो दिन पूर्व गुलदार ने गांव निवासी ब्रजपाल के घेर में बंधे बछड़े पर हमला कर दिया था, लेकिन बछड़ा मजबूत रस्सी से बंधा होने के कारण गुलदार उसे ले जाने में सफल नहीं हुआ था। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने पिंजरा लगाया, जिसमें गत रात्रि एक गुलदार फंस गया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार को पिंजरे सहित अपने साथ ले गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने वन विभाग से पुन: पिंजरा लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में अभी और भी गुलदार हैं। ग्रामीणों और वन विभाग की टीम के बीच काफी कहासुनी भी हुई, जिसे लेकर पुलिस को बुलाना पड़ा।

## नज़दीकी रिश्ते को करके तार-तार सगी ममेरी बहन से किया दुराचार



**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी से कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस को एक रिश्तेदार के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी अनुज (25 वर्ष) निवासी ग्राम किरतपुर थाना नगीना देहात पर आरोप है कि उसने अपने ही सगे मामा की 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आदी जावेद ने किया पुष्प निकेतन का नाम रोशन



**धामपुर ( चिंगारी )।** सपा नेता जावेद सईद के बेटे आदी जावेद ने नीट 2026 में 3155 रैंक हासिल कर पुष्प निकेतन स्कूल का नाम किया रोशन किया है। वरिष्ठ सपा नेता जावेद सईद के बेटे आदी जावेद ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में 3155 रैंक हासिल कर पूरे परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आदी ने पुष्प निकेतन स्कूल, धामपुर शुगर मिल से 12वीं की पढ़ाई पूरी की है। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने यह सफलता पाई है। परिणाम आते ही घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। सपा नेता जावेद सईद ने कहा आदी की मेहनत रंग लाई। हमें गर्व है।




पौधारोपण करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

## व्यापारियों ने मंदिर में किया पौधारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बड़ा शिव मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण और हरित धरा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नगर अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बॉबी, नगर उपाध्यक्ष पराग गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर नगर अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## मकवाना का स्वागत किया



**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखंड भगवत प्रसाद मकवाना का नगीना में वाल्मीकि समाज के लोगों ने पगड़ी बांधकर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। रविवार को स्योहारा सम्मेलन में शामिल होने जा रहे भगवत प्रसाद मकवाना के नगीना पहुंचने पर जिला निगरानी समिति एवं पर्यवेक्षक समिति सदस्य मनोज वाल्मीकि ने अपने समर्थकों के साथ रेलवे स्टेशन चौक पर स्वागत किया। साथ ही मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सोढ़ी, विनोद कुमार, जिला अध्यक्ष विशाल पारछा का भी स्वागत किया गया।

## बालाजी व हनुमान जी का भजनों के माध्यम से किया गुणगान

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिद्ध पीठ संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज तथा बजरंगबली हनुमान जी महाराज के पारंपरिक भजनों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को बजरंग मय बना दिया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक विक्रम वीर सिंह चौधरी को उनकी धर्म कार्यों के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दयावती हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. आरके चौहान, दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक डॉ. आदित्य अग्रवाल, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एके सक्सेना, भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, अमित गुप्ता, पंजाब नेशनल बैंक वाले, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आदि अनेक नागरिक



विक्रम वीर चौधरी को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

शामिल रहे ।

सिद्ध पीठ संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के संस्थापक एवं महंत राहुल अग्रवाल के संरक्षण तथा अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संरक्षक जगदीश लाल अरोड़ा, अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, महासचिव मास्टर सुनील कुमार तथा कोषाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। पुरोहित आचार्य पंडित देव कृष्णात्रेय ने पूजन संपादित कराया।

# रोडवेज बस में महिला का सोने का तावीज़ उड़ाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** ऋषिकेश से बिजनौर आ रही एक महिला का रोडवेज बस में सोने का तावीज संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। महिला ने पास की सीट पर बैठे एक युवक पर तावीज गायब करने का आरोप लगाते हुए रोडवेज बस अड्डे पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

ऋषिकेश के न्यू जाटव कालोनी निवासी शीतल पत्नी दुर्गेश सिंह का मायका गांव सिकंदरपुर का है। रविवार को शीतल अपनी पड़ोसी महिला दुलारी के साथ बस से बिजनौर आ रही थी। शीतल के मुताबिक किरतपुर में बस रुकने पर एक युवक बस में चढ़ा और दो बार उसके बराबर में खाली


पीड़ित महिला

सीट पर आकर बैठा। रास्ते में उसे अपनी तावीज गायब होने का एहसास हुआ। शीतल का आरोप है कि रोडवेज में बस रुकने पर युवक बस से उतरकर भागने का प्रयास करने लगा। महिलाओं ने युवक को पकड़ लिया और तावीज चोरी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह मुजफ्फरनगर स्थित एक होलसेल रेडीमेड गारमेंट्स शोरूम में काम करता है और किरतपुर में वसूली के सिलसिले में आया था। महिला ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी शेखर चौधरी का कहना है कि महिला के आरोपों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# सीमेंट के पाइप डालकर आवागमन शुरू कराया

**चांदपुर (चिंगारी)।** एक सप्ताह पूर्व किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा गंगा पुल से हस्तिनापुर व मेरठ को जोड़ने वाले मार्ग पर भीमकुंड के निकट जेसीबी से काटे गए मार्ग पर सीमेंट के पाइपों पर मिट्टी डालकर आवागमन शुरू कर दिया गया है। फिलहाल हल्के वाहनों का आवागमन शुरू होने से लोगों ने राहत की सास ली है।

जलीलपुर से हस्तिनापुर होते हुए मेरठ जाने के लिए गंगा का पुल पार करना पड़ता है। गत 11/12 जुलाई की रात में अज्ञात लोगों द्वारा भीमकुंड के निकट जेसीबी से सड़क को काट दिया गया था, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बन्द हो गया था। आवागमन बंद होने से सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ इलाज के लिए मेरठ आने-जाने वाले रोगियों आदि को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी तथा उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लम्बा सफर करना पड़ रहा था, जिससे समय व पैसे की बर्बादी हो रही थी। अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी से काटी गई सड़क में सीमेंट के पाइपों पर मिट्टी डालकर आवागमन शुरू कर दिया गया है।



धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बख्शीवाला के पास मिला शव नन्हेड़ा के बिट्टू का था

बिजनौर (चिंगारी)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बख्शीवाला स्थित रेलवे फाटक के पास मिले युवक के शव की शिनाख्त नहटौर थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा निवासी बिट्टू पुत्र हेमराज के रूप में हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को सड़क किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। प्रारंभिक स्तर पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी और पुलिस उसकी पहचान कराने में जुटी थी। बाद में परिजनों ने शव की पहचान बिट्टू पुत्र हेमराज निवासी ग्राम नन्हेड़ा, थाना नहटौर के रूप में की। परिजनों के अनुसार बिट्टू मानसिक रूप से कमजोर (मंदबुद्धि) था। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। शहर कोतवाल अवनीत मान ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पर्यावरण शुद्धि के लिए संगठित प्रयास करने होंगे : शास्त्री

**बिजनौर (चिंगारी)।** गायत्री शक्ति पीठ पर पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए संगठित प्रयासों को सफल बनाने की कामना को लेकर हवन में आहुतियां दी गईं। व्यास पीठ से हुकुम सिंह शास्त्री और बिजेन्द्र राठी ने यज्ञ कराया। नरेश वालिया यजमान रहे। हुकुम सिंह शास्त्री ने पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए जमीनी स्तर पर काम करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बरसात के इस मौसम में अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए हमें पौधारोपण करना चाहिए। पौधे सुनहरे भविष्य की गारंटी होते हैं। यदि वृक्ष ही नहीं होंगे तो मानव जीवन भी नहीं होगा। यज्ञ में तनुश्री, एकादश, कुसुम और पंकज चौधरी के जन्मदिन पर विशेष मंत्रों से आहुतियां प्रदान कर पुष्प वर्षा की गई और निरोगी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया। हवन में इंजीनियर राम पाल सिंह, ओमपाल सिंह, प्रेमप्रताप सिंह, दीप्ति शर्मा, संतोष, गौरव भटनागर, राम गुप्ता, पंकज चौधरी, चंद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# यातायात पुलिस ने चलाया अभियान 6 वाहन सीज, 83 का चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** यातायात सीओ के नेतृत्व में रविवार को यातायात पुलिस ने जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान मुख्य चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 83 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर अनियमितता मिलने पर छह वाहनों को सीज कर दिया गया।

रविवार को यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने, बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर और पहचान छिपाने के लिए लगाई गई फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव में 25, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले 15, फर्जी नंबर प्लेट वाले 24 तथा प्रेशर हॉर्न व हूटर लगे 13 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा आवश्यक दस्तावेज न होने और यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन के चलते छह वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया।

## शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत

यातायात प्रभारी रवि नैन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। साथ ही वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें। टीएसआई रवि नैन ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी प्रतिदिन सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एक बेजुबान ने निभाई दोस्ती...

## मेहविश के जनाजे में शामिल हुआ स्ट्रीट डॉग

**शेरकोट ( चिंगारी )**। आजकल के बदलते दौर में जहां कई रिश्ते स्वार्थ की कसौटी पर अक्सर कमजोर नजर आते हैं, वहीं रविवार को एक बेजुबान (कुत्ते) ने वफादारी और अपनापन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने लोगों के दिलों को झकझोर कर सोचने पर मजबूर कर दिया कि प्यार और अपनापन शब्दों का नहीं, एहसास का रिश्ता होता है। यह कहानी छत से गिरकर असमय काल के गाल में समाई मासूम मेहविश और उस आवारा कुत्ते की, जिसे मासूम हर रोज अपने हाथों से बिस्कुट खिलाया करती थी।

नगर के मौहल्ला शेखान निवासी रिहान अहमद की दो वर्षीय पुत्री मेहविश गत शनिवार की शाम खेलते हुए मकान की छत से गिरकर घायल हो गई थी। इलाज़ के दौरान मुरादाबाद में मेहविश की मौत हो गई थी। मासूम की मौत से परिजनों और मौहल्लेवासियों में गम का माहौल था। रविवार को गमगीन माहौल में मेहविश का जनाजा घर से निकला तो एक हैरत में डालने वाला दृश्य सामने आया। एक आवारा घूमने वाला कुत्ता भी चुपचाप जनाजे के पीछे-पीछे चल दिया। पहले तो लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन नमाज़ के लिए जनाजा रूकने पर कुत्ता भी मुंह लटकाकर शांत बैठ गया और उसके बाद कब्रिस्तान के लिए चलने पर फिर उसके पीछे-पीछे चल दिया। जहां रस्में पूरी होने तक बेजुबान आसपास ऐसे मंडराता रहा, मानो वो जैसे किसी को तलाश रहा हो। उसकी मौजूदगी ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। चर्चा हुई तो पता लगा कि इस बेजुबान को मासूम मेहविश रोज बिस्कुट खिलाया करती थी और ये रोज उसके घर से बाहर निकलने का इंतजार करता था। शायद उसी अपनेपन ने बेजुबान के दिल में ऐसा रिश्ता बना दिया था, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। कुत्ता मेहविश के घर के पास आकर बैठ गया और उसकी निगाहें बस उसी दरवाजे पर टिकी रहीं, जहां से उसे एक दोस्त का प्यार मिलता था। कुछ लोगों ने बेजुबान को बिस्कुट आदि डालकर खिलाने का प्रयास भी किया, लेकिन उसने खाना गवारा नहीं किया। बेजुबान की खामोश मौजूदगी ने वहां मौजूद लोगों को ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि प्यार, अपनापन और वफादारी केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि ऐसे एहसास हैं जिन्हें बेजुबान भी पूरी शिद्दत से निभाते हैं। ये मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।





## ब्लॉक प्रमुखों को प्रशासक बनाये जाने से हर्ष की लहर



प्रशासक बने चौ. विजेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए समर्थक।

**हल्दौर ( चिंगारी )**। प्रदेश सरकार द्वारा ब्लॉक प्रमुखों का भी कार्यकाल बढ़ाकर उन्हें प्रशासक बनाए जाने पर ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौ.विजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त किया और उनके समर्थकों ने उन्हें मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। आज 20 जुलाई को ब्लॉक प्रमुखों का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा था। पंचायत चुनाव टलने पर प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों व जिला पंचायत अध्यक्षों की तरह उनका कार्यकाल भी बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। आदेश में उनको भी 6 माह के लिए प्रशासक बनाया गया है। ब्लॉक प्रमुखों का कार्यकाल बढ़ाये जाने और उनको प्रशासक बनाए जाने पर हल्दौर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने उनको बधाई देते हुए उन्हें फूल मालाओं से लादकर व मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। उधर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने ब्लॉक प्रमुख कार्यकाल बढ़ाये जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री जी ने क्षेत्र के विकास को जारी रखने की जिस उम्मीदों से उन्हें प्रशासक बनाया है, वह उन पर खरा उतरेंगे और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कतई भी कमी नहीं आने देंगे तथा शासन की प्रत्येक योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचते रहेंगे। स्वागत करने वालों में रवि धारीवाल, मनोज कुमार, रामेंद्र सिंह, संजीव कुमार, सुमित कुमार, परमेंद्र सिंह, दुष्यंत चौधरी, संजीव सिंह व राहुल सिंह आदि शामिल रहे हैं।

## आखिरकार पकड़ा ही गया कई पशुओं की जान ले चुका गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। कासमपुर गढ़ी-माधोवाला रोड पर बसे लोगों विशेषकर सिख समाज के लोगों के कई कीमती पालतू पशुओं की जान ले चुका गुलदार आखिरकार बीती रात पिंजरे में कैद हो ही गया, जिसे लेकर पशुपालकों ने कुछ राहत महसूस की है। ग्रामीणों की बार-बार शिकायत पर यहां वनकर्मियों ने 5 दिन पूर्व भूपेंद्र सिंह के बाग में पिंजरा लगाया था, मगर गुलदार काबू नहीं दे पा रहा था। रविवार को भी गुलदार ने यहां एक पशुपालक के बछड़े को मौत के घाट उतारा। ग्रामीणों की शिकायत पर वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशानुसार वनकर्मियों ने भूपेंद्र सिंह के बाग से पिंजरा हटाकर गत दिवस गुलदार की ताजा लोकेशन पर जयप्रकाश के खेत के पास पिंजरा लगाया और उसमें बकरी बांध दी जिसके शिकार के लालच में बीती रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पिंजरे में कैद गुलदार को वनकर्मी पीलीडैम चौकी ले गए हैं। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार नर है, जो लगभग 4 वर्ष की आयु का है। उन्होंने बताया कि गुलदार का मेडिकल परीक्षण कराने उपरांत उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



गढ़ी-माधोवाला मार्ग पर पिंजरे में कैद गुलदार।

## आबादी में घूमता नजर आया गुलदार, ग्रामीणों में दहशत

**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम नूरपुर खेड़की के आबादी क्षेत्र में गुलदार की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाकर वन क्षेत्र में छुड़वाने की मांग की है। देर सायं को नहटौर के ग्राम नूरपुर खेड़की में वीर सिंह के मकान के पास गुलदार सड़क पर चहल कदमी करता हुआ दिखाई दिया। जिसे देखकर वीरेंद्र सिंह की पत्नी ने शोर मचा दिया। गांव में पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में जांच की गई तो गुलदार आबादी क्षेत्र में ही सड़क पर चहलकदमी करता हुआ दिखाई दिया, जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का दावा है कि गुलदार आसपास क्षेत्र में एक से अधिक गुलदार हैं। तीन दिन पूर्व नूरपुर खेड़की से करीब 300 मीटर दूर बेगराजपुर में एक निराश्रित गौवंश को अपना शिकार बनाया था। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके पर टीम को भेजकर नियमानुसार पिंजरा लगवाकर गुलदार पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।**

# आर्य सुंगध संस्थान, दिव्यांगों के साथ पेड़ पौधों की सेवा का बना स्थान

## संस्थान में 244 पौधों का रोपण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के मुस्सेपुर स्थित आर्य सुंगध संस्थान में दिव्यांगों की सेवा के साथ वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 अभियान में भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए पौधारोपण किया जा रहा है। पहले से ही हरियाली से परिपूर्ण आर्य सुंगध संस्थान में वर्तमान में वृक्षारोपण अभियान चलने से संस्थान चारों ओर हरियाली से सज गया है। संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्या ने बताया कि उन्होंने केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाते हुए संस्थान व उसके आसपास अब तक 244 पौधों का रोपण किया है। जिसमें फल नाशपाती, जामुन, आम, अमरूद के साथ बरगद, पीपल, गुलमोहर, अमलतास, नीम, नौरंगी, चंदन, गूलर, बेल, तेजपात आदि के पौधे शामिल हैं। कमलेश आर्या ने बताया कि उनके संस्थान में पहले से ही भरपूर संख्या में पेड़-पौधे लगे हुए है। जिससे संस्थान में रहने वाले दिव्यांग बच्चों, वृद्धा के साथ पूरे आश्रम परिवार तथा आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन व अच्छा वातावरण मिल रहा है। वह प्रतिदिन आश्रम में रहने वाले बच्चों गगन, कृष्णा, अभय, शिवा, विराग, ज्योति, प्रिया, गौरव व संस्थान स्टाफ के साथ करीब तीन घंटे पौधारोपण, पौधों की देखभाल उन्हें पानी देने, कटाई व छंटाई करने में लगाती है। कमलेश आर्या का कहना है कि अच्छा पर्यावरण ही हमारे जीवन की रक्षा करता है। प्रकृति की रक्षा व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने जरूरी है। उनका कहना है कि एक पेड़ काटे तो हजारों पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटा एक, पेड़ हो हजार होने चाहिए। यही हम सबके साथ देश व समाज के हित में होगा।



# हाजी रफीक अंसारी ने समर्थकों के साथ किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के कल नहटौर में आयोजित सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। हाजी रफ़ीक़ अंसारी के नेतृत्व में नजीबाबाद विधानसभा के ज़िम्मेदार नागरिकों ने सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस मौके पर शरीफ ठेकेदार, हाजी इरफान अंसारी, हाजी इक़बाल, निसार अहमद, शाकिर अंसारी, हाफ़िज़ शकील, अकरम अंसारी, अफ़ज़ल कुरैशी, कामिल कुरैशी, एहतेशाम अंसारी, फरहान, अब्दुल्ला, मुंशी रईस अंसारी, तसलीम अहमद, आतिफ़ अंसारी, मोनू, आकिब, प्रेमचन्द शर्मा, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह, सरदार हरविन्दर सिंह, सरदार बलजिंदर सिंह आदि काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सपा नेता डॉ. महमूद भोलू के नेतृत्व में पीडीए सम्मेलन में शामिल हुए समर्थक



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू के नेतृत्व में रविवार को जलालाबाद स्थित उनके निवास से सैकड़ों समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता नहटौर में आयोजित समाजवादी पार्टी के पीडीए सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाते हुए अपने काफिले के साथ नहटौर के लिए वाहनों में सवार होकर रवाना हुए थे। सम्मेलन में सपा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत किया। इस अवसर पर सपा नेता डॉ. महमूद अहमद ( भोलू ) ने कहा कि यह सम्मेलन पीडीए के लोगों को एकजुट करने के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें पीडीए समाज की विभिन्न समस्याओं पर प्रदेश अध्यक्ष ने विचार विमर्श कर इनके समाधान के लिए आगे बढ़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में लगातार सभी वर्गों की जनसमस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रही है। सम्मेलन में भाग लेने वालों में महमूद अहमद भोलू के साथ मौ. तबरेज, रफीक अहमद, इसरार अहमद, मौ. अय्यूब, मौ. यूसुफ, मौ. यूनुस, शमीम अहमद, मौ. असलम, मौ. अनीस, मौ. फरीद, मौ. खुर्शीद, मौ. समी, मौ. इरफान, मौ. शफीक, हबीब, शमी, शहजाद, रहमान, हाजी अनवार, खलील यासीन, हाजी जुल्फुकार, बिल्ला, शाहरूख, नौशाद, नासिर, अनवार, हनीफ, असलम, महबूब, अहसान, नसीम, कासिम, अबरार, नईम, इकबाल, शानू, मंजर, साबिर, फुरकान, रियासत, अनीस, शराफत, सईद अहमद, आतिफ आदि शामिल रहे।

# सड़क के नवीनीकरण का टेंडर स्वीकृत होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रामदासवाली में वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी सड़क के नवीनीकरण का टेंडर स्वीकृत होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने मंडी समिति नजीबाबाद के सचिव सचिन शर्मा के सहयोग तथा भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह के सकारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। संगठन द्वारा लगातार किए गए प्रयासों व मंडी समिति के सचिव के सहयोग से सड़क के नवीनीकरण का टेंडर स्वीकृत हो गया, जिससे गांववासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का रास्ता साफ हो गया है। टेंडर स्वीकृत होने की सूचना मिलते ही ग्राम रामदासवाली स्थित धर्मशाला में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर संगठन के पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि संगठन के निरंतर प्रयासों के कारण ही सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसका लाभ सभी को मिलेगा। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, भोपाल राठी, विजय सिंह, नवीन राजपूत, मुनेन्द्र सिंह, हिमांशु चौधरी, तरुण कुमार, अजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, घसीटा सिंह, यादराम, तुलाराम, हरि सिंह, रामगोपाल, चुन्नीलाल, सोनू कुमार सहित अनेक ग्रामीण एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना






**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## सूचना

**पहले मेरा नाम (MOHAMMAD ARIF KAMAL) था। अब मैंने अपना नाम बदलकर (MOHAMMAD ARIF) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम ( MOHAMMAD ARIF ) से जाना व पहचाना जाये।**

MOHAMMAD ARIF
S/O MOHAMMAD YAHAYA R/O
MOHALLA DHARAMDAS
NAJIBABAD , TEHSIL AND POLICE
STATION NAJIBABAD DISTRICT
BIJNOR. UP

# जैन श्रावकों ने मंदिर में महामोक्ष पर्व पर श्रीफल अर्पित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्री सरजायती जैन मंदिर मे 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक आषाढ शुक्ला सप्तमी को मनाया गया। शास्त्री दिवाकर जैन ने निर्माण महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीजी ने गुजरात के गिरनार पर्वत की पांचवी टॉक से मोक्ष प्राप्त किया था। इस दिन श्रीमंदिर जी मे विशेष पूजा व प्रक्षाल का आयोजन जैन श्रावको द्वारा किया जाता है, तत्पश्चात भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित कर मंगल कामना की जाती है। सुबह से ही जैन श्रावकों ने मन्दिर पहुंचकर महामोक्ष पर्व पर श्रीफल अर्पित किया। समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा पदाधिकारी द्वारा निश्चित कार्यक्रमों के अनुसार हुई। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, पुनीत जैन, राजीव जैन, संध्या जैन, सचिन जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, अलका जैन, रैना जैन, अंकुर जैन, नमन जैन, पीयूष जैन, संजय जैन, अरिहंत जैन, नमन जैन, निशु जैन, जितेंद्र जैन, स्वाति जैन, संतोष जैन, कमलेश जैन, राशि जैन, पीयूष जैन, बांदा जैन, राजीव जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी में शामिल होने पर अब्दुल्ला गुलज़ार का भव्य स्वागत

## 2027 में दलित-मुस्लिम-पिछड़ा वर्ग से एकजुट होने का आह्वान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आज़ाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में एआईएमआईएम छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए दुआ फाउंडेशन के अध्यक्ष अब्दुल्ला गुलज़ार का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि अब्दुल्ला गुलज़ार एक शिक्षित, जुझारू व कर्मठ नेता हैं। उनके पार्टी में शामिल होने से नजीबाबाद विधानसभा में आज़ाद समाज पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा व भाजपा की मिलीभगत के कारण आज़म खान सहित मुस्लिम समाज को निशाना बनाया जा रहा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में दलित, मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर आज़ाद समाज पार्टी को मजबूत करेगा, क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ही गरीबों, कमजोरों, वंचितों व मुस्लिम समाज की आवाज़ मजबूती से उठा रहे हैं। अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा ने पिछले 15 वर्षों में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने केवल मुस्लिम समाज के वोट लिए, लेकिन क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के लिए ठोस कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नजीबाबाद की जनता आज़ाद समाज पार्टी को मजबूत करे, ताकि सभी वर्गों को सम्मान, भागीदारी व विकास मिल सके। मौलाना जावेद कासमी की अध्यक्षता एवं उबैद नजीबाबादी के संचालन में कार्यक्रम में आसपा के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सैन हल्दिया, पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी (मंडावली), अब्दुल्ला हई (भागूवाला), इस्तेखार (नारायणपुर), विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रधान मुस्तफा (राहतपुर), पूर्व प्रधान शमशीद अंसारी (स्वामीवाला), प्रधान अक्षय (खुर्रमपुर), तहसील अध्यक्ष (भीम आर्मी) विष्णु गौतम, प्रदीप कुमार, प्रधान अकबरपुर चौगांवा, ग्राम प्रधान आसिफ (अलीपुरा), तेजपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान सूफी नफीस (अलीपुर), प्रवेश कुमार, फ़िरासत हुसैन, एडवोकेट यासर, प्रधान पुत्र ग्राम गढ़ी, प्रधान दिलीप सिंह (मुस्सेपुर), शेख दानिश, ओमवीर सिंह बौद्ध, अजय कुमार, सचिन कुमार, नईम अहमद, डॉ. एसके. हल्दिया, रहमान एडवोकेट, असलम, अफजाल (गाजीपुर), पूर्व प्रधान आरिफ (हुसैनपुर), पिंकू, अफाक अंसारी, शहाफत एडवोकेट, अजीज मुल्तानी, इसरार मुल्तानी, इनाम अली सैफी, शराफ़त खान, हाजी गफ्फार कुरैशी, मुफ्ती जमशेद, बदरुद्दीन, अनीसुर्रहमान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



अब्दुल्ला गुलजार को गुलदस्ता देकर स्वागत करते खुर्शीद मंसूरी।

# स्क्वैश कोर्ट से बॉलीवुड तक..

## एशियन स्क्वैश चैंपियन रवि दीक्षित की असली ज़िंदगी पर आधारित म्यूज़िक वीडियो 'एहसास' 23 जुलाई को होगा रिलीज़

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मूल रूप से धामपुर निवासी, भारत के अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी और एशियन चैंपियन रवि दीक्षित अब बॉलीवुड में बतौर निर्माता अपनी नई शुरुआत करने जा रहे हैं। उनका पहला म्यूज़िक वीडियो एहसास 23 जुलाई 2026 को रेड रिबन म्यूज़िक के बैनर तले रिलीज़ होगा। इस गीत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि एहसास रवि दीक्षित की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। यह केवल एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मविश्वास, मेहनत और सफलता की प्रेरणादायक यात्रा है। इस भावनात्मक गीत को अपनी दिल छू लेने वाली आवाज़ दी है शाहिद माल्या ने। इसका निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक प्रभाकर शुक्ला ने किया है। म्यूज़िक वीडियो में रवि दीक्षित के साथ मुख्य अभिनेत्री ऋषिका चावला नज़र आएंगी, जो कई टीवी विज्ञापनों और हुआ वेब सीरीज़ में अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी हैं। ऋषिका के पिता की भूमिका हेम भट्ट ने निभाई है, जो वास्तविक जीवन में एक सफल व्यवसायी हैं। इस गीत की शूटिंग मुंबई और गोवा की खूबसूरत लोकेशनों पर की गई है। वह पहले से भी अधिक मेहनत करता है, दिन-रात अपने खेल को समर्पित कर देता है और अंतत: श्रीलंका में पाकिस्तान के खिलाड़ी को हराकर एशिया का नंबर-1 स्क्वैश खिलाड़ी बनकर इतिहास रच देता है। उसकी इस ऐतिहासिक जीत की खबर पूरे देश की सुर्खियाँ बनती है। जब यह समाचार प्रेमिका के पिता तक पहुँचता है, तो उनका नज़रिया पूरी तरह बदल जाता है। वे स्वयं रवि से मिलने आते हैं, उन्हें गले लगाकर बधाई देते हैं और पूरे सम्मान के साथ इस रिश्ते को स्वीकार कर लेते हैं। एहसास इस बात का संदेश देता है कि मेहनत, समर्पण और सफलता हर सवाल का सबसे बड़ा जवाब होती है।




**'एहसास' सिर्फ मेरा पहला गीत नहीं, बल्कि मेरी ज़िंदगी का सबसे भावुक अध्याय है। मैंने अपने जीवन में जो संघर्ष, अस्वीकार और सफलता देखी, उसी को इस गीत के माध्यम से दर्शाने की कोशिश की है। खेल की दुनिया से बॉलीवुड तक का यह सफर मेरे लिए बेहद खास है। मुझे उम्मीद है कि यह कहानी हर उस इंसान को प्रेरित करेगी, जिसे कभी कमज़ोर समझा गया हो।** - रवि दीक्षित

# सरकार की गाइडलाइन का पालन करें कांवरती- सीओ

## कांवड़ और डीजे की ऊंचाई 10 फीट से ज्यादा न हो



**हल्दौर ( चिंगारी )।** आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा को सकुशल व सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने थाने में कांवड़ लाने वालों, डीजे वालों और क्षेत्रवासियों की बैठक ली। रविवार की अपरांह्न थाने में आयोजित बैठक में सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने कहा कि कांवड़ लाने वाले श्रद्धालु सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार अपने कांवड़ की ऊंचाई 10 फीट से ऊंची न रखें और न ही कोई डीजे वाला अपने डीजे की ऊंचाई 10 फीट से ऊंची रखेगा। अगर सरकार की गाइडलाइंस का उल्लंघन हुआ तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सभी लोग सरकार की गाइडलाइंस का पालन करें। शासन और प्रशासन का मकसद कावड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को पैजानिया मार्ग पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे आदि अन्य आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। बैठक में थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी, ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, एसआई शेर सिंह, ग्राम प्रधान विनय कुमार, कर्मेंद्र सिंह, सचिन त्यागी आदि मौजूद रहें।

# शहजाद अहमद बने व्यापार संगठन अदब सिटी मार्केट शाखा के अध्यक्ष

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापार संगठन की अदब सिटी मार्केट का शाखा अध्यक्ष शहजाद अहमद को बनाया गया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने उन्हें मनोनयन पत्र भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर कपिल सर्राफ ने कहा कि उनका संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान तथा उनका उत्पीड़न रोकने के लिए काम कर रहा है। नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने व्यापारियों से एकजुट रहने का आव्हान किया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ की अध्यक्षता एवं नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मोनू टाटा, सुशील शर्मा, दीपक जैन, अंजार अहमद, नदीम अहमद एडवोकेट, शहबाज अंसारी, धीरज झा, शेर अली, हर्षित सर्राफ, तनवीर उस्ताद, जीशान अहमद, अफजल अहमद, मुकुल सिंघल, राजेश तागरा, मुकीम कुरैशी, रईस कुरैशी, अली शेर कुरैशी, असगर कुरैशी, युसूफ पहलवान कुरैशी, अबरार अहमद, दानिश, शेखर कुमार, नौशाद अहमद, आतिफ अमीन, दीपांशु वर्मा, इलियास अहमद, सलमान अहमद, शारिक राजा, एहसान, महताब अहमद, मौ.जाकिर सम्राट टेलर, शिक्षक तनवीर अहमद, नवाब वारसी, महबूब अली, असलम अब्बासी, आसिफ, उवेश, जरार अहमद, फहीम घोसी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



नवमनोनीत पदाधिकारी के साथ व्यापार संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

# चातुर्मास के लिए मुनिराज का नहटौर में मंगल प्रवेश



**नहटौर ( चिंगारी )।** आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के सुशिष्य ज्ञानयोगी मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 विश्वार्थ सागर जी महाराज का चातुर्मास के लिये नहटौर नगर में मंगल प्रवेश हुआ। श्रद्धालुओं ने मुनिराजों का भव्य स्वागत किया।

रविवार को ढक्का कर्मचंद से बिहार का नहटौर नगर में प्रवेश करने पर मुनिराज का श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 विश्वार्थ सागर जी महाराज विहार करते हुए एजेंसी चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे, जहां पर अनुष्ठान की क्रिया हुई और मुनिराज द्वारा प्रवचन किया गया। प्रबंधक राजीव कुमार जैन ने बताया कि चातुर्मास स्थापना 02 अगस्त को होगी। बता दें मुरादाबाद में श्रुत पंचमी के अवसर पर जैन मुनिराजों ने नहटौर में चातुर्मास करने की घोषणा की थी, जिसके लिये अनेक जगह की समाज चातुर्मास के लिए प्रयासरत थी। लेकिन घोषणा अनुमोदन नहटौर जैन समाज को प्राप्त हुआ था। इस दौरान अशोक जैन, पुनीत जैन, सौरभ जैन, अचल जैन, आशु जैन, सपन जैन, पल्लव जैन, समर्थ जैन, वंश जैन, शुभम जैन, आराध्य जैन, विनीत जैन, रजत जैन, नितिन जैन आदि श्रदालु उपस्थित रहे।

# सड़क पर चल रहे बुजुर्ग को सांड ने मारी टक्कर, उठाकर दूर फेंका

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पखनपुर में एक सांड द्वारा सड़क पर पैदल चल रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति पर पीछे से हमला कर उसे घायल कर दिया। सांड द्वारा बुजुर्ग को उठाकर दूर फेंकने की पूरी घटना सीसी टीवी में कैद हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उक्त वीडियो खूब वायरल हो रही है।



रविवार की शाम से एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब वायरल हो रही है। वीडियो में सड़क पर लाठी लेकर पैदल चल रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को पीछे से आए एक सांड द्वारा उठाकर दूर फेंककर घायल किए जाने का मामला दिखाई दिया है। जिस व्यक्ति को सांड द्वारा हमला कर घायल किए जाने की बात सामने आई है, उसकी पहचान ग्राम पखनपुर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग अब्दुल खालिक के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने उक्त सांड को पकड़वाने की मांग की है। उधर घायल बुजुर्ग का निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया गया,जहां उसकी स्थिति ठीक बताई जा रही है।

# शादीपुर बिजलीघर पर बेमियादी धरना देगी भाकियू

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** शादीपुर-बरूकी क्षेत्र में रात के समय हो रही बिजली कटौती के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जल्द विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी।

भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने अवर अभियंता सुधीर कुमार को ज्ञापन देकर बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन रात के समय कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। किसान नेता रामवीर सिंह ने कहा कि आधी रात में बिजली काट दिए जाने से किसानों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में लगातार हो रही कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इस दौरान धर्मपाल सिंह, मनोज कुमार, अरविंद राणा, रामगोपाल सिंह, कृष्ण कुमार, पृथ्वी सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# डीजल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति के घेर में खड़ी डीसीएम गाड़ी से डीजल चुराने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव नूर अलीपुर भगवंत उर्फ डेहरी निवासी रईस अहमद ने स्थानीय थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके घेर में खड़ी डीसीएम गाड़ी से गांव लक्खूवाला निवासी ओमकार उर्फ छोटे डीजल चुराकर ले गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पहरुवाला के निकट सड़क किनारे खड़े आरोपी से 10 लीटर डीजल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन का परिणाम

# नीट में चमके सूर्यांश बंधु त्यागी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मलकपुर वुडेरन के होनहार छात्र सूर्यांश बंधु त्यागी ने नीट-यूजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 537 हासिल कर जनपद बिजनौर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, गांव और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद और शुभचिंतक उन्हें बधाई देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।



सूर्यांश, प्रख्यात समाजसेवी एवं साहित्यकार डॉ. कवि बंधु त्यागी के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी उन्होंने केंद्रीय विद्यालय, डोगरा लाइन, मेरठ से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सीबीएसई आगरा रीजन टॉपर बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।

नीट-यूजी में ऑल इंडिया रैंक 537 प्राप्त कर सूर्यांश ने एक बार फिर साबित कर दिया कि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता को क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि माना जा रहा है।

हालांकि सूर्यांश का परिवार वर्तमान में मेरठ में निवास कर रहा है, लेकिन उनकी जड़ें स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मलकपुर वुडेरन से जुड़ी हैं। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि सूर्यांश ने पूरे बिजनौर का नाम देशभर में गौरवान्वित किया है।

# 25 को बिजनौर आयेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का 25 जुलाई 2026 को जनपद बिजनौर आगमन प्रस्तावित है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि आयोग सुबह 10:30 बजे बिजनौर पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण निकायों से संबंधित विषयों पर संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, ताकि आयोग अपनी रिपोर्ट के लिए आवश्यक जानकारी एकत्र कर सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग 26 जुलाई को सुबह 9:30 बजे नजीबाबाद के लिए प्रस्थान करेगा। वहां विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर स्थानीय स्तर पर आवश्यक जानकारी और तथ्य संकलित किए जाएंगे। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने आयोग के प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# आटा चक्की मालिक के पुत्र ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** नई बस्ती निवासी आटा चक्की मालिक नूरहसन मलिक के पुत्र शाहबाज मलिक ने नीट परीक्षा के ओबीसी वर्ग में 1301वीं रैंक प्राप्त की है। शाहबाज मलिक ने हाईस्कूल कृपाओ की माता गिरजाघर तथा इंटर पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर से किया। बचपन से उसकी इच्छा डॉक्टर बनने की थी। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

# धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाकियू टिकैत हाईकमान के आह्वान पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने 21 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। भाकियू कार्यकर्ता क्षेत्र में गांव-गांव जाकर भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों से 21 जुलाई को ट्रैक्टर पर सवार होकर बिजनौर पहुंचने का आह्वान करने में लगे हैं। भाकियू के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम दत्तियाना, नारनौर, खानपुर, कमालपुर, अजदेव, मीरापुर, बिराल, बास्टा, अकौंधा, बागडपुर व चांदपुर में घूमकर भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों से 21 जुलाई को ट्रैक्टर से कलेक्ट्रेट में होने वाले धरने प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाकियू नगर अध्यक्ष बब्बू खान, मनोज शर्मा, राजीव कुमार, मीडिया प्रभारी मौ. हनीफ आदि मौजूद रहे।

# समाजवादियों को प्रताड़ित कर रही भाजपा सरकार - श्याम लाल

## पीडीए सम्मेलन की सफलता से चमके यशवीर धोबी

**नहटौर ( चिंगारी )। नगर में समाजवादी पार्टी का विधानसभा स्तरीय पीडीए ( पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक ) कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। सम्मेलन में पूर्व सांसद इंजीनियर यशवीर सिंह धोबी का राजनीतिक प्रभाव भी देखने को मिला। उनके आह्वान पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे, जिससे कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।**







रविवार को हल्दौर मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल में आयोजित पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने जौहर यूनिवर्सिटी का मुद्दा उठाते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष भावना के चलते जौहर यूनिवर्सिटी जैसी बेहतरीन शिक्षण संस्था को लगातार निशाना बना रही है और इसके बहाने अल्पसंख्यकों व समाजवादियों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने चंदा चोरी को लेकर भी प्रदेश सरकार पर जमकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि खुद को पारदर्शी बताने वाली सरकार के राज में बड़े पैमाने पर चंदा चोरी और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है, जिससे जनता पूरी तरह वाकिफ हो चुकी है। भाजपा न तो किसानों की हितैषी है, न युवाओं की और न ही छात्रों की। सम्मेलन के मुख्य आकर्षण रहे पूर्व सांसद इंजीनियर यशवीर सिंह धोबी ने इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पीडीए समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इंजीनियर यशवीर सिंह धोबी ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व जिसे भी विधानसभा का प्रत्याशी घोषित करेगा, हम सभी पूरी ताकत और एकजुटता के साथ उसे चुनाव लड़ाकर जिताने का काम करेंगे। उनके इस आह्वान का कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल की अध्यक्षता तथा डॉ. शहबाज अली के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा, चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद, नगीना विधायक मनोज पारस, नूरपुर विधायक रामअवतार सैनी और पूर्व जिला अध्यक्ष जमील अहमद ने भी संबोधित किया। इसके अलावा उमेश कुमार वाल्मीकि, वीरेंद्र प्रधान, शेख सुलेमान, पूर्व विधायक नईमुल हसन, डॉ. राजपाल विश्वकर्मा, मुदित त्यागी, राधा सैनी, शराफत ठेकेदार, महेंद्रपाल गुरु जी, कमलेश भुइयार और सरदार सुरेंद्र फ़लोदिया आदि वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए।

## बीईओ ने शिक्षामित्रों से स्पष्टीकरण मांगा

**नहटौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय खेतापुर की इंचार्ज अध्यापिका की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में कार्यरत दो शिक्षामित्र को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। प्राथमिक विद्यालय खेतापुर की इंचार्ज अध्यापिका निगम रानी ने खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया था कि विद्यालय में शिक्षामित्र के द्वारा शैक्षिक दायित्व एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सहयोग नहीं किया जा रहा है। जिस कारण विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की शैक्षिक प्रगति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। सहयोग नहीं मिलने के कारण इंचार्ज अध्यापक द्वारा पद से कार्यमुक्त होने की इच्छा व्यक्त की गई। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्रपाल सिंह ने बताया शिक्षामित्र जयपाल सिंह एवं शिक्षामित्र अन्तरेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में परचम लहराया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम (दिल्ली-एनसीआर) में आयोजित रियल गोल्ड रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में गॉड फादर अकादमी का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में आनिया ने प्रथम स्थान, आदि ने प्रथम स्थान, भुवन ने तृतीय स्थान तथा अबीर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विजेता विद्यार्थियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।





## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

**पत्रांक: 671/न.पा.परि.नह./2026-27** **दिनांक:- 18.07.2026**

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु 15वें वित्त आयोग बुनियादी अनुदान (द्वितीय किश्त)/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्ग विकास कार्यों की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 03.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 03.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender refrence | Ltr. No. 671/न.पा.परि.नह./निविदा/ 2026-27 |
| Publish and Times for RFP | दिनांक 20-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे |
| Last Date and Times For Submission Of E-Tender | दिनांक 03-08-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date Of Times Of opening Tender | दिनांक 03-08-2026 को सायं 04:00 बजे |
| Place Of opening of E- Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E- Tender Security | 10% of Tender Value |
| E- Tender Document Processing | As Per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

# कच्चे मकान की दीवार गिरी, बच्ची व युवक घायल



घायल युवक

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर थाना क्षेत्र के गांव चंद्रभानपुर किशोर उर्फ मिर्जापुर खादर में रविवार देर शाम एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब एक कच्चे मकान की पिछली दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। हादसे में मकान के अंदर सो रही चार वर्षीय बच्ची और मकान के पीछे काम कर रहा एक युवक मलवे की चपेट में आकर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बच्ची की हालत में सुधार बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर खादर निवासी सचिन की पत्नी पूजा रविवार दोपहर अपने दोनों बच्चों के साथ घर के अंदर सो रही थी। दोपहर करीब तीन बजे उनकी आंख खुली तो वह अपने आठ माह के बच्चे को गोद में लेकर आंगन में आ गई। इसी दौरान अचानक मकान की पिछली कच्ची दीवार तेज आवाज के साथ भरभरा कर गिर गई। दीवार गिरने से घर के अंदर सो रही चार वर्षीय पुत्री लक्षिका मलवे में दब गई। वहीं मकान के पीछे काम कर रहा गांव निवासी गुलशन भी दीवार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और मलवे में दबे दोनों घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उन्हें तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के दौरान गुलशन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं मासूम लक्षिका को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण कच्चे मकानों की दीवारें कमजोर हो गई हैं, जिससे ऐसे हादसों का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

# 206वां शुगर जांच शिविर आयोजित किया

## 26 जुलाई को मोहल्ला धर्मशाला चौक में लगेगा 'स्वस्थ नहटौर' का विशेष स्वास्थ्य शिविर

**नहटौर (चिंगारी)।** हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैट) के 'स्वस्थ नहटौर' अभियान के अंतर्गत रविवार को 206वां साप्ताहिक नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, ऑक्सीजन (SpO2) तथा वज़न की नि:शुल्क जांच की गई तथा लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा लेने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान एक महिला का फ़ास्टिंग ब्लड शुगर 320 mg/dL पाया गया। उन्हें तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उपचार प्राप्त करने की सलाह दी गई। शिविर के उपरांत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं वॉलंटियर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग़िज़ाल मैहदी, सचिव, हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैट) एवं संयोजक, 'स्वस्थ नहटौर' अभियान तथा इज़ात हुसैन, वरिष्ठ स्वास्थ्य कार्यकर्ता, के साथ मोहम्मद ख़ज़िर, मोहम्मद आसिम, नौमान राशिद, अब्दुल क़ादिर, अनम परवीन, तस्मिया फ़रीदी, शाइस्ता अंजुम, अदीबा अज़ीम, ज़िया अज़ीम, उरूसा ज़ैदी तथा मेहरीन सैफ़ी उपस्थित रहे। बैठक में रविवार, 26 जुलाई 2026 को प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक मोहल्ला धर्मशाला चौक (पिलखन के नीचे), नहटौर में आयोजित होने वाले विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह शिविर नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 4 के सभासद श्री बिजेंद्र कुमार 'बिट्टू' तथा वार्ड संख्या 5 के सभासद श्री संजय कुमार सैनी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।




# युवाओं की मांगों पर विचार करे सरकार - का. शमशाद


का. शमशाद

**किरतपुर (चिंगारी)।** सीपीआई (एमएल) न्यू डेमोक्रेसी के राज्य कमेटी सदस्य शमशाद हुसैन ने केंद्र सरकार की उच्च शिक्षा नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में बढ़ते भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, केंद्रीकरण, निजीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकीकरण के खिलाफ देशभर में आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि जंतर-मंतर पर पिछले 29 दिनों से छात्र एवं कार्यकर्ता उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना दे रहे हैं और केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि वर्तमान शिक्षा नीतियों के कारण छात्रों और अभिभावकों पर मानसिक एवं आर्थिक बोझ बढ़ा है। शमशाद हुसैन ने कहा कि पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाए जाने की कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। उनका कहना है कि सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पार्टी ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, छात्रों से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही तय करने तथा उच्च शिक्षा से संबंधित नीतियों पर पुनर्विचार की मांग की है।

# मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** आषाढ़ के तीसरे चांदनी के सोमवार को क्षेत्र के जोगी औंधा गांव के जंगल में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शिव भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने वहां पहुंचकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके अलावा माता का पूजन और कुंडली लगाने आदि धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न कराए गए। इस दौरान शिव भक्तों द्वारा बाबा भोलेनाथ से घर परिवार और देश की खुशहाली की कामना की गई।

# हेमंत कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष को गदा भेंट की

## कार्यकर्ताओं के साथ पीडीए कार्यक्रम में शामिल हुए


पीडीए कार्यक्रम में नहटौर जाते सपा नेता हेमंत कुमार।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** पीडीए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की टीम के साथ नहटौर पहुंचे सपा नेता हेमंत कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को गदा भेंट कर सम्मानित किया। रविवार को नहटौर स्थित एक फार्म हाउस पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के मुख्य अतिथ्य में आयोजित पार्टी के पीडीए कार्यक्रम में भी हेमंत कुमार तमाम कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम से वापस लौटे हेमंत कुमार ने कहा कि पीडीए की मजबूती के बल पर 2027 में सपा की सरकार बनेगी। इस दौरान सपा नगर अध्यक्ष इरशाद ठेकेदार, ग्राम प्रधान नाबका मुस्तकीम मलिक, गजराज सिंह पाल, यशपाल चौहान, नैन सिंह पाल, राजपाल सैनी, योगेंद्र सिंह, सचिन सहगल, पप्पू सिंह, तारा सिंह चौहान, फुरकान व रईस आदि सपाई उनके साथ मौजूद रहे।

# कौन थे जोगिंदर नाथ मंडल?



**मंडल को उम्मीद थी कि नए पाकिस्तान में दलितों को बराबरी का अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। वे पाकिस्तान की प्रारंभिक राजनीतिक व्यवस्था के प्रमुख नेताओं में शामिल हुए और पाकिस्तान की सरकार में 1947 में कानून एवं श्रम मंत्री बने।**

कौन थे जोगिंदर नाथ मंडल? जिसका जिक्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बिजनौर अपने भाषण में करना पड़ा। कुछ लोग जो समाज के सामाजिक भाईचारे को खत्म कर आपस में बांटने का काम कर रहे हैं, उनके इतिहास को पढ़कर भाइयों को सचेत रहने की जरूरत है। जोगेंद्र नाथ मंडल (1904–1968) बंगाल के एक प्रमुख दलित/अनुसूचित जाति नेता और राजनीतिज्ञ थे। वे न केवल भारत के विभाजन के समय महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका में थे, बल्कि पाकिस्तान बनने के बाद उसके पहले कानून एवं श्रम मंत्री भी बने। जोगेंद्र नाथ मंडल की रणनीति यह थी कि जिस राजनीतिक शक्ति से दलितों को तत्काल अधिक प्रतिनिधित्व और सुरक्षा मिल सकती है, उसके साथ गठबंधन किया जाए। तब उन्होंने मुस्लिम लीग के साथ इसी रणनीति के तहत काम किया, बंगाल के दलित और मुस्लिम दोनों सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े हुए है। और दोनों वर्ग मिलकर उच्च जातीय प्रभुत्व का मुकाबला कर सकते हैं। इसी सोच के कारण उन्होंने मुहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग का साथ दिया। इसी सोच के साथ जोगिंदर नाथ मंडल ने पाकिस्तान के निर्माण का समर्थन किया। मंडल को उम्मीद थी कि नए पाकिस्तान में दलितों को बराबरी का अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। वे पाकिस्तान की प्रारंभिक राजनीतिक व्यवस्था के प्रमुख नेताओं में शामिल हुए और पाकिस्तान की सरकार में 1947 में कानून एवं श्रम मंत्री बने। लेकिन पाकिस्तान में उनका अनुभव उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा, क्योंकि जिन हिंदू अल्पसंख्यकों को जिसमें भारी संख्या में दलित भी थे, अपने साथ पाकिस्तान ले गए थे उनके ऊपर वहां पर बढ़ते हुए अत्याचार एवं शोषण होता देख पाकिस्तान में मंत्री रहने के दौरान उन्होंने अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदू और दलित समुदायों की स्थिति को लेकर अनेकों बार गंभीर आपत्तियां उठाई। लेकिन वहां पर दलित और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार नहीं रुका। उनकी बहन बेटियों को जबरदस्ती उठा कर ले जाना, उनका शारीरिक, मानसिक शोषण करना, हत्या करना जैसे अपराध नहीं रुके और जोगिंदर नाथ मंडल खुद पाकिस्तान के कानून मंत्री होकर हताश और निराश थे क्योंकि वहां अल्पसंख्यकों और दलित भाइयों की कोई सुरक्षा नहीं कर पा रहे थे। अंतत: जिस सोच के साथ दलितों और अल्पसंख्यकों को उन्होंने पाकिस्तान में बसाया और आगे बढ़ने का उनके उत्थान का सोचा था, वह परिणाम अत्यंत निराशाजनक रहा। तब 1950 में उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को इस्तीफा दिया और अपने भाइयों को वहां बसाकर खुद भारत लौट आए। आज भी लोग आए दिन बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं अल्पसंख्यकों और दलितो पर अत्याचार और शोषण होते देख रहे हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा विदुर बिजनौर की धरती से अपनी सभा में जोगेंद्र नाथ मंडल का उदाहरण देकर अपने दलित समाज को सचेत करने का काम किया।

**- पवन कुमार चौहान,** साहित्य विहार, बिजनौर

# स्वच्छ पर्यावरण की अलख जगा रहे शिक्षक कल्याण सिंह

## सेवानिवृत्ति के 16 साल बाद भी स्कूलों में पौधे लगाना नहीं भूले शिक्षक कल्याण सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता, सेवानिवृत शिक्षक कल्याण सिंह चौहान इसकी मिसाल बने हुए हैं। सेवानिवृत्ति के 16 साल बाद भी कल्याण सिंह चौहान स्कूलों में पौधे लगाना नहीं भूले। शिक्षकों व बच्चों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए समय-समय पर प्रेरित करते रहते हैं। सोमवार को कल्याण सिंह चौहान ने प्राथमिक विद्यालय चांदपुर फेरू पहुंचकर फूलदार पौधे लगाए। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षक कल्याण सिंह चौहान 16 वर्ष पूर्व बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हो गए थे। उन्हें शुरू से ही बागवानी का शौक रहा। बरसात का मौसम शुरू होते ही शिक्षक कल्याण सिंह चौहान विभिन्न विद्यालय में पहुंचकर फूलदार व छायादार पौधे लगाते हैं। सेवानिवृत्ति के 16 साल बचने के बाद भी वह लगन से इस कार्य में जुटे हुए हैं। कल्याण सिंह चौहान ने अपने घर की छत पर भी शानदार पौधा रोपण किया हुआ है। सोमवार को कल्याण सिंह चौहान प्राथमिक विद्यालय चांदपुर फेरू में फूलदार पौधे लेकर पहुंचे, इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद तारिक अलीम, सहायक अध्यापक राजकुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार, शिक्षिका ममता जोशी, श्रीमती मंजुला बनिक, डॉ. गीता, श्रीमती सुषमा रानी तथा स्कूली बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय में कई फूलदार पौधे लगाए।




शिक्षक कल्याण सिंह ने बच्चों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए।

### शुरू से ही रहा बागवानी का शौक

**शिक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि वह विज्ञान के शिक्षक रहे हैं। शुरू से ही उन्हें बागवानी का शौक रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद इस पर अधिक कार्य करना शुरू कर दिया। बरसात का मौसम शुरू होते ही अलग-अलग विद्यालयों में पौधारोपण करना उन्हें अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में हर व्यक्ति को कम से कम पांच-पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिएं। वृक्षारोपण से स्वच्छ वायु प्राप्त होती है। पर्यावरण के प्रति बच्चों को प्रेरित किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण से उन्हें अपने पुराने शिक्षक साथियों से मिलने का अवसर भी प्राप्त हो जाता है।**

## रिमझिम बारिश से सुहाना हुआ मौसम

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। कल से आसमान में बादल छाने के बाद रूक-रूककर हो रही रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश के बाद गर्मी में झुलस रहे लोगों को काफी हद तक राहत मिली है। बारिश के बाद बाजारों में कीचड़ फैल गई। जिससे आवागमन में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते बाजार सूने रहे। बारिश के बाद ओवरलोड से चल रही बिजली की ट्रिपिंग की समस्या खत्म होने से बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।**

## अपने शहर में..

# महंगाई का फंडा

## 10 का बिक रहा अंडा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** 'संडे हो या मंडे रोज खाये अंडे' यह कथन इस वक्त अंडों पर पड़ रही भारी महंगाई की मार के कारण फीका पड़ गया है। भीषण गर्मी के दिनों इन दोनों आमतौर पर अंडे के भाव गिर जाते थे। अंडे की किरेट के दाम करीब डेढ़ सौ रुपए तक हुआ करते थे तथा एक कच्चे अंडे का दाम 4 से 5 रुपए अमूमन रहता था। लेकिन इन दिनों भीषण गर्मी में भी अंडे महंगाई की मार में खोल रहे हैं, जो आम आदमी पहुंच से भी दूर हो रहे हैं। भारी महंगाई के चलते इस वक्त अंडे की एक किरेट करीब 220 से 230 रुपये तक की बिक रही है और एक कच्चा अंडा 8 से 10 रुपये तक का बेचा जा रहा है। अंडे के दाम डबल होने से अंडे की बिक्री में भी भारी गिरावट आई है। अंडे का कारोबार करने वाले व ठेला लगाकर अंडे, आमलेट बेचने वालों का काम भी महंगाई की मार के चलते काफी प्रभावित हो गया है। टॉट मोहरा बाजार पर अंडे का ठेला लगाने वाले मौ. इमरान अंसारी का कहना है कि गर्मी के इन दिनों में अंडों पर इतनी महंगाई उन्होंने कभी नहीं देखी। अंडे महंगे होने के चलते उनकी बिक्री भी काफी कम हो गई है। उधर अंडों पर महंगाई का कारण मुर्गी फार्मो में अंडों का कम होना बताया जा रहा है। **( मौ. इरशाद मलिक )**



**टॉट मोहरा बाजार पर अंडों का ठेला लगाते मौ. इमरान अंसारी**

## संगत का असर




ये नजारा है स्योहारा नगर में मुरादाबाद रोड पर, जहां एक गौवंशीय पशु और जंगलों में रहने वाली नील गाय एक साथ बैठी है। नील गाय हमेशा आबादी वाले स्थानों के पास आकर डर जाती है और इधर-उधर भागती है। लेकिन गौवंशीय पशु की संगति में आकर इसने भी इसी की तरह दिनचर्या अपना ली और लोगों के बीच रहने का साहस दिखाया है। **( अश्मनी विश्नोई )**



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.

Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221 7505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# कारगिल विजय, भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक : सतपाल महाराज

## कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को किया सम्मानित


कोटद्वार के दुर्गापुरी स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार विधानसभा के दुर्गापुर स्थित एक बारातघर के सभागार में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण के सौजन्य से वीर सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज तथा सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कहा कि कारगिल के वीरों का शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि वे भी एक सैनिक की बेटी हैं। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता से अनुशासन, राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के संस्कार प्राप्त किए हैं। सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग, समर्पण एवं संघर्ष को मैंने बहुत निकट से देखा और समझा है। इसलिए पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और शहीद परिवारों का सम्मान मेरे लिए केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि गर्व, सम्मान और भावनात्मक दायित्व का विषय है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, अनुशासन और पराक्रम का प्रतीक है। उत्तराखंड की वीरभूमि ने देश को अनेक वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता, शौर्य और साहस का गौरवशाली प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सैनिकों का सम्मान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान के प्रति हमारी कृतज्ञता की सच्ची अभिव्यक्ति है। तत्पश्चात बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट गढ़वाली, मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत, कर्नल जे पी ध्यानी, दर्जाधारी राज्य मंत्री राजेन्द्र अंथवाल, उमेश त्रिपाठी, सुमन कोटनाला, विपिन कैंथोला, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, प्रेम खंतवाल, आशीष रावत, प्रदीप बलूनी और विनोद चौधरी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, सैनिक परिवार, जनप्रतिनिधि, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पर्यटन व विकास के क्षेत्र में नहीं हो रहा कोई कार्य : सीपी नैथानी

कोटद्वार (चिंगारी)। क्षेत्र व आमजन की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण न होने पर नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि मंच की ओर से समस्याओं के बार-बार उठाने और धरना प्रदर्शन करने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। यहां जारी संयुक्त बयान में मंच अध्यक्ष सी पी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने कहा कि कोटद्वार का बुनियादी विकास अभी तक नहीं हो पाया है। कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में कोटद्वार काफी पिछड़ चुका है। यहां स्थित तकनीकी शिक्षण संस्थानों में ट्रेडों के अभाव के कारण युवा वर्ग को प्रशिक्षणपरक शिक्षा लेने के लिए बाहर के तकनीकी संस्थानों का रूख करना पड़ रहा है। पर्यटन विकास के क्षेत्र में भी कोटद्वार में खास कार्य नहीं हुए। जब पर्यटक आएंगे ही नहीं, तो करोड़ों के बजट से रेलवे स्टेशन और रोडवेज डिपो के भवन बनाने का कोई लाभ नहीं। कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा कोटद्वार के लिए पूर्व में की गई सभी घोषणाएं हवाई साबित हुई हैं। कोटद्वार को जिला घोषित करना, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, मोटर नगर प्रकरण का निराकरण, कंडी रोड निर्माण की मांगें आज भी लंबित हैं। कहा कि नागरिक मंच इन सब समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार आवाज उठाता रहेगा।

# 'कण्वाश्रम : भरत से भारत वर्ष' पुस्तक का विमोचन

## मनोज इष्टवाल की पुस्तक को सबने शोध परक बताया



कोटद्वार (चिंगारी)। सैनिक सम्मान समारोह के दौरान ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की एक अनूठी कृति का विमोचन किया गया। समारोह में प्रदेश की विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खण्डूड़ी, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और मेयर शैलेन्द्र रावत, लेफ्टिनेंट जनरल जे एस नेगी ने संयुक्त रूप से वरिष्ठ पत्रकार मनोज इष्टवाल द्वारा लिखित शोधपरक पुस्तक 'कण्वाश्रम- भरत से भारतवर्ष' का विमोचन किया।

समारोह के दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह पुस्तक देश के गौरवशाली इतिहास को सामने लाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। मनोज इष्टवाल ने इस शोध के माध्यम से हमारी आने वाली पीढ़ियों पर एक बड़ा उपकार किया है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कहा कि कोटद्वार और कण्वाश्रम का यह गौरवशाली इतिहास, हर उत्तराखंडी को गौरवान्वित करता है। वरिष्ठ पत्रकार मनोज इष्टवाल की यह पुस्तक कण्वाश्रम के प्राचीन वैभव और इतिहास पर गहराई से प्रकाश डालती है। विमोचन के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, पूर्व सैनिक और बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

# हाथियों के झुंड ने ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक मचाया बाइकों को तोड़ा, अन्य सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया

कोटद्वार (चिंगारी)। मैदानी क्षेत्रों के साथ ही हाथी अब पहाड़ के दुर्गम गांवों में भी पहुंच गये हैं, जहां उन्होंने ग्रामीणों के फलों के बगीचों व अन्य संपत्ति को जमकर नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का झुंड पिछले दो दिनों से जयहरीखाल ब्लाक की बड़गांव ग्राम सभा, पठोलगांव व सिलवाड़ गांव में जमकर उत्पात मचा रहा है, इस कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य बडगांव सुरेंद्र सिंह नेगी, ग्रामीण अनूप भारद्वाज, संजय नेगी, बलबीर सिंह व मायाराम ने बताया कि इन गांवों के लंबे इतिहास में यह पहली बार है जब हाथियों का झुंड इन गांवों में पहुंचा है। बताया कि ग्राम पंचायत बड़गांव के तोक ग्राम खैणी तल्ली में हाथी ने ग्रामीणों के मेहनत से उगाए आम के पेड़ व बांस की पौध को तहस नहस कर दिया। इसके बाद हाथियों के झुंड ने बडगांव का रूख किया, जहां उन्होंने सड़क के किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों को पलट दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह नजदीक के वन चौकियों के कर्मचारियों की सहायता से शोर मचाकर व कनस्तर बजाकर उन्हें गांव से दूर भगाया। कहा कि अभी भी वे गांव की सीमा से लगे जंगलों में ही रूके हुए हैं और कभी भी आबादी में धमक सकते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से संबंधित चौकी के कर्मचारियों को हाथी भगाने के लिए पटाखे उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि चौकी के कर्मचारी संसाधन विहीन हैं ऐसे में हाथी उन पर भी हमलावर हो सकता है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# कराटे बेल्ट परीक्षा में सफल खिलाड़ी सम्मानित किये

## बेल्ट पहनाई, प्रमाण-पत्र दिये



ऋषिकेश (चिंगारी)। रेन बुकई कराटे एकेडमी द्वारा रविवार को रामलीला भवन में कराटे बेल्ट परीक्षा में सफल खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सफल खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा बेल्ट पहनाकर एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एकेडमी के संस्थापक एवं कोच कमल सिंह बिष्ट ने बताया कि हाल ही में आयोजित कराटे बेल्ट परीक्षा में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने सफलता प्राप्त की। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अविनाश सेमल्टी तथा समाजसेवी आशुतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजे नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल की बजाय खेल मैदानों की ओर प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी येलो बेल्ट अविका, सुहानी, शौर्य, विराज, आरव सिंह, उत्कर्ष, आनंद भट्ट, अभिनव एवं जीविका, येलो सीनियर बेल्ट अभिनव शाही, अविरल सिंह, अनिरुद्ध, सूर्यांश, एंजेल एवं शिवांश, ब्लू बेल्ट आरव, पायल, शाश्वत, वेदांश, प्रतिष्ठा, जीनल, पार्थेश, दक्ष लोधी, वृषांक एवं अथर्व गौतम, ग्रीन बेल्ट आरोही, जतिन, अक्षय, कार्तिक एवं अनन्या, ग्रीन सीनियर बेल्ट- आशी एवं विदुषी, ब्राउन बेल्ट देवराज एवं विक्की चौधरी रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com





# जहां तर्क होते हैं... तथ्य होते हैं, वहां शोर-शराबे की ज़रूरत नहीं



## मानसून और मानसून सत्र के सक्रिय रहने से होगा देश का कल्याण- पीएम मोदी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मानसून की तरह संसद का मानसून सत्र भी सक्रिय और उत्पादक रहने की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ही सक्रिय होंगे तो देश का कल्याण होगा। श्री मोदी संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को संसद परिसर में कहा, हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून भी सक्रिय रहे और मानसून सत्र भी उत्पादक रहे। जब दोनों प्रोडक्टिव होते हैं तो देश का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में भारत ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनसे हर देशवासी गर्व महसूस कर सकता है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून सत्र से एक दिन पहले एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचा था और इस बार सत्र से दो दिन पहले ही एक भारतीय युवा स्टार्टअप ने अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह केवल संयोग नहीं बल्कि इस बात का संदेश है कि भारत के युवाओं की आकांक्षाएं और क्षमताएं अंतरिक्ष जितनी असीम हैं। उन्होंने कहा कि देश के स्टार्टअप में काम करने वाले युवाओं की औसत आयु करीब 28 वर्ष है और यही युवा भारत के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर आज देश चल पड़ा है। उसी का नतीजा है कि भारत के नौजवान इतना बड़ा साहस कर पाते हैं और सफल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो देश की क्षमता और मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश ने विकास की गति पकड़ ली है और संसद का यह सत्र उस गति को और तेज करने का अवसर है। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से सार्थक चर्चा करने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और सदन को सुचारु रूप से चलाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां तथ्य और तर्क होते हैं, वहां तूफान के लिए जगह नहीं होती। आशा है कि यह सत्र तथ्य, तर्क और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ेगा।


**आवश्यकता है**

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**
**(C.B.S.E. Patteran An English Medium)**

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

